**भारत सरकार**
**जल शक्ति मंत्रालय**
**जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 855**
**जिसका उत्तर 02 दिसंबर, 2021 को दिया जाना है।**
**.....**

# नदियों को आपस में जोड़ना

855. **श्री कौशलेन्द्र कुमार:**

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने कर ली कृपा करेंगे किः

(क) देश में नदियों को आपस में जोड़ने कर ली परियोजना कर ली वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) क्या यह सच है कि प्रतिवर्ष उत्तर बिहार विनाशकारी बाढ़ से और दक्षिण बिहार सूखे से प्रभावित होता है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) सरकार द्वारा नदियों को आपस में जोड़ने के कार्य में देरी के कारण होने वाले वार्षिक नुकसान को रोकने के लिए अब तक क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री बिश्वेश्वर टुडू)**

**(क):** जल की अधिकता वाले बेसिन से जल की कमी वाले बेसिन में जल अंतरण कराने के लिए जल की अंतर-बेसिन अंतरण के माध्यम से जल संसाधन विकास के लिए अगस्त, 1980 में तत्कालीन सिंचाई मंत्रालय (अब जल शक्ति मंत्रालय) द्वारा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (एनपीपी) तैयार की गई थी। एनपीपी के तहत, राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (एनडब्ल्यूडीए) ने साध्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए 30 लिंक (प्रायद्वीपीय घटक के तहत 16 और हिमालयी घटक के तहत 14) चिन्हित की है। नदियों को आपस में जोड़ने के कार्यक्रम के तहत नदियों के अंतर-राज्य नदी जोड़ के प्रस्तावों का विवरण एवं स्थिति **अनुलग्नक** पर दी गई है।

**(ख) और (ग):** बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, बिहार एक बाढ़ प्रवण राज्य है, जहां 68.80 लाख हेक्टयर क्षेत्र बाढ़ प्रवण है। मुख्यतः उच्च जल ग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण प्रतिवर्ष बाढ़ों द्वारा उत्तरी बिहार प्रभावित होता है, जो मुख्य रूप से नेपाल में स्थित है। जबकि, दक्षिणी बिहार सूखे के साथ-साथ फ्लैश बाढ़ की समस्याओं का भी सामना करता है।

**(घ):** सरकार परामर्शी रूप से नदियों को आपस में जोड़ने का कार्यक्रम (आईएलआर) चला रही है और इसे उच्च वरीयता में रखा गया है। नदियों को आपस में जोड़ने की परियोजनाओं का कार्यान्वयन संबंधित राज्यों के बीच की सर्वसम्मति पर निर्भर करता है। इस प्रकार, संबंधित राज्यों के बीच सर्वसम्मति और समझौतें के सिद्धांत के आधार पर, नदियों को आपस में जोड़ने के कार्यक्रम का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

*****

<u>अनुलग्नक</u>

**"नदियों को आपस में जोड़ना" विषय पर दिनांक 02.12.2021 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 855 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**<u>नदियों को आपस में जोड़ने के कार्यक्रम के तहत नदियों के अंतर-राज्य नदी जोड़ प्रस्तावों का विवरण एवं स्थिति</u>**

| क्र.सं. | नाम | नदियां | संबंधित राज्य | स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| प्रायद्वीपीय घटक | | | | |
| 1(क) | महानदी (मणिभद्रा)-गोदावरी (दोलेश्वरम) नदी जोड़ | महानदी और गोदावरी | झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, ओडिशा, कर्नाटक, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश, | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 1(ख) | महानदी (मणिभद्रा)-गोदावरी (दोलेश्वरम) नदी जोड़ | महानदी और गोदावरी | -वही- | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई * विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर कार्य चल रहा है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | गोदावरी (इंचमपल्ली)-कृष्णा (पुलीचिंताला) नदी जोड़ | गोदावरी और कृष्णा | ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, और कर्नाटक | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 3 | गोदावरी (इंचमपल्ली)-कृष्णा (नागार्जुन सागर) नदी जोड़ | गोदावरी और कृष्णा | -वही- | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई #विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 4 | गोदावरी (पोलावरम)-कृष्णा (नागार्जुनसागर) नदी जोड़ | गोदावरी और कृष्णा | -वही- | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई #विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 5 | कृष्णा (अलमत्ती)- पेन्नार नदी जोड़ | कृष्णा और पेन्नार | तेलंगाना, आन्ध्र प्रदेश महाराष्ट्र, और कर्नाटक | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 6 | कृष्णा (श्रीसैलम)-पेन्नार नदी जोड़ | कृष्णा और पेन्नार | -वही- | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 7 | कृष्णा (नागार्जुन सागर)-पेन्नार (सोमसिला) नदी जोड़ | कृष्णा और पेन्नार | -वही- | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई# विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 8 | पेन्नार (सोमसिला)-कावेरी (ग्रैण्ड एनीकट) नदी जोड़ | पेन्नार और कावेरी | आन्ध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुदुच्चेरी | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई# विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 9 | कावेरी (कट्टालाई)-वैगई-गुन्डार नदी जोड़ | कावेरी, वैगाई और गुंडार | कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुदुच्चेरी | विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 10 | केन-बेतवा नदी जोड़ | केन और बेतवा | उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश | विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (चरण-।, ।। एवं विस्तृत रिपोर्ट) पूरी कर ली गई |
| 11 (i) | पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ | पार्वती, कालीसिंध व चंबल | मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान (उत्तर प्रदेश ने सहमति बनाने के समय विचार-विमर्श करने का अनुरोध किया) | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| (ii) | पार्वती-कुन्नु–सिंध नदी जोड | पार्वती, कुन्नु और सिंध | मध्य प्रदेश और राजस्थान | साध्यता पूर्व रिपोर्ट पूरी कर ली गई $ |
| 12 | पार-तापी-नर्मदा नदी जोड़ | पार, तापी और नर्मदा | महाराष्ट्र और गुजरात | विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 13 | दमनगंगा-पिंजाल नदी जोड़ | दमनगंगा और पिंजाल | -वही- | विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 14 | बेदती-वर्दा नदी जोड़ | बेदती और वर्दा | महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक | साध्यता पूर्व रिपोर्ट पूरी कर ली गई<br>प्रारूप विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 15 | नेत्रावती-हेमावती नदी जोड़ | नेत्रावती और हेमवती | कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल | साध्यता पूर्व रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 16 | पंबा-अच्चनकोविल-वैप्पार नदी जोड़ | पंबा, अचनकोविल और वैप्पार | केरल और तमिलनाडु | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |

$ राजस्थान की पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ का एकीकरण

| हिमालयी घटक | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मानस-सनकोस-तीस्ता–गंगा (एम-एस-टी-जी) नदी जोड़ | मानस-संकोश-तिस्ता-गंगा | भूटान और भारत (असम, पश्चिम बंगाल और बिहार) | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर कार्य चल रहा है। |
| 2. | कोसी-घाघरा नदी जोड़ | कोसी और घाघरा | नेपाल और भारत (बिहार और उत्तर प्रदेश) | साध्यता पूर्व रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 3. | गंडक-गंगा नदी जोड़ | गंडक और गंगा | -वही- | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई (भारतीय भाग) |
| 4. | घाघरा-यमुना नदी जोड़ | घाघरा और यमुना | -वही- | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई (भारतीय भाग) |
| 5. | शारदा-यमुना नदी जोड़ | शारदा और यमुना | नेपाल और भारत (बिहार उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और राजस्थान) | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई (भारतीय भाग) |
| 6. | यमुना-राजस्थान नदी जोड़ | यमुना और सुकरी | गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश, | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 7. | राजस्थान-साबरमती नदी जोड़ | साबरमती | -वही- | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 8. | चुनार-सोन बैराज नदी जोड़ | गंगा और सोन | बिहार और उत्तर प्रदेश | प्रारूप साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 9. | सोन बांध-गंगा नदी जोड़ कर ली दक्षिणी सहायक नदियां | सोन और बदुआ | बिहार और झारखंड | साध्यता पूर्व रिपोर्ट पूरी कर ली गई है। |
| 10. | गंगा(फरक्का)-दामोदर-सुबर्णरेखा नदी जोड़ | गंगा, दामोदर और सुबर्णरेखा | पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर कार्य चल रहा है। |
| 11. | सुबर्णरेखा-महानदी नदी जोड़ | सुबर्णरेखा और महानदी | पश्चिम बंगाल और ओडिशा | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 12. | कोसी-मेची नदी जोड़ | कोसी और मेची | नेपाल और भारत (बिहार और पश्चिम बंगाल) | साध्यता पूर्व रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 13. | गंगा (फरक्का)-सुंदरबन नदी जोड़ | गंगा और इच्छामती | पश्चिम बंगाल | साध्यता रिपोर्ट पूरी कर ली गई |
| 14. | जोगीघोपा-तीस्ता-फरक्का नदी जोड़ (एम-एस-टी-जी का विकल्प) | मानस, तिस्ता व गंगा | असम, बिहार और पश्चिम बंगाल | छोड़ दिया गया। |

- पीएफआर-साध्यता पूर्व रिपोर्ट
- एफआर-साध्यता रिपोर्ट
- डीपीआर–विस्तृत परियोजना रिपोर्ट

****